पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड

प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 17 दिसम्बर 2018 को पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड, देहरादून में, श्री अनिल के रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड द्वारा 67वीं अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2018 में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें शुभकामनायें देते हुए भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए कड़ी मेहनत व लगन से अभ्यास करने व स्वर्ण पदक प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

श्री अशोक कुमार, सचिव उत्तराखण्ड पुलिस स्पोटर्स कंट्रोल बोर्ड/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखण्ड ने बताया कि दिनांक 10 दिसम्बर से 14 दिसम्बर 2018 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित हुई, 67वीं अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2018 में उत्तराखण्ड पुलिस ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में 03 पदक लेकर सातवां स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता में उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह रौतेला ने 5000 मी0 रेस में स्वर्ण पदक, मुख्य आरक्षी राजेश कुमार ने 10000 मी0 रेस ने रजत पदक तथा आरक्षी हरीश कोरंगा ने 1500 मी0 रेस में रजत पदक अर्जित किया।

****